विदेश आदि में प्रतिनियुक्ति इत्यादि और समय-समय पर केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में जारी किए गए जो आदेश और निर्णय केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों पर लागू होते हैं, वे नियम केन्द्रीय होम्योपैथी परिषद् के समान्य विनियमों के मदर्भ में केन्द्रीय परिषद द्वारा बनाए गए स्थायी आदेशों में विशेष रूप से जिन मामलों की व्यवस्था नहीं की गई है उनके संबंध में केन्द्रीय परिषद् के कर्मचारियों पर यथोचित परिवर्तनों सहित लागू होंगे ।

(ख) केन्द्रीय होम्योपैथी परिषद् में अनियमितताओं के बारे में इस मंत्रालय में एक ज्ञापन राष्ट्रीय मुक्ति मोर्चा, नई दिल्ली से प्राप्त हुआ है ।

(ग) इस ज्ञापन में निहित आरोपों के बारे में पैदावार टिप्पणियां केन्द्रीय परिषद् से मांगी गई है, जिनकी अभी प्रतीक्षा है ।

इंडियन आयल कारपोरेशन द्वारा की गई क्षतिपूर्ति

1289. **श्री बलराम सिंह यादव :**
डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 24 दिसम्बर, 1990 के "फाइनेनशियल एक्सप्रैस" में "इंडियन आयल कारपोरेशन पेस 4 मिलियन डालर इन डेमेजस" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इंडियन आयल कारपोरेशन द्वारा अमरीका की कंपनी का निर्धारित राशि का भुगतान कर दिया गया है ;

(ग) क्या सरकार ने इस मामले में इंडियन आयल कारपोरेशन के लापरवाही पूर्ण रवैये के बारे में कोई जांच की है; और

(घ) यदि हां, तो जांच के निष्कर्ष क्या हैं और क्या इसके लिए उत्तरदायी लोगों के विरुद्ध कोई कार्रवाई की गई है ?

पेट्रोलियम और रसायन तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री सत्य प्रकाश मालवीय): (क) और (ख) सरकार ने न्यायालय से बाहर समझौते के लिए इंडियन आयल-कारपोरेशन द्वारा मैसर्स कोस्टल को पूर्ण और अंतिम भुगतन के रूप में 4 मिलियन अमेरिकी डालर के भुगतान को अनुमोदित कर दिया है । यू० के० में स्थित बैंक से इंडियन आयल कारपोरेशन द्वारा किए गए भुगतान के वितरण की प्रतीक्षा की जा रही है ।

(ग) और (घ) इस मामले में विशेष रूप से उत्तरदायी अधिकारी इंडियन आयल कारपोरेशन की नौकरी में नहीं हैं और अतः उनके खिलाफ कोई अनुशासनिक कार्रवाई नहीं की जा सकती है । उस मामले में प्रथमदृष्ट्या कोई अपराध भी स्पष्ट नहीं होता है ।

कच्चे तेल के उत्पादन की स्थापित क्षमता का उपयोग

1290. **श्री बलराम सिंह यादव :**
डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अक्तूबर, 1990 की स्थिति के अनुसार देश में कच्चे तेल का स्थापित उत्पादन और शोधन क्षमता कितनी थी ;

(ख) क्या देश में उत्पादित संपूर्ण कच्चे तेल का शोधन करने का आधार भूत ढांचा है ; और

(ग) यदि नहीं, तो अक्तूबर, 1990 की स्थिति के अनुसार शोधन क्षमता क्या थी और उत्पादित शेष कच्चा तेल किन देशों को भेजा जाता है और किन शर्तों पर भेजा जाता है ?

पेट्रोलियम और रसायन तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री सत्य प्रकाश मालवीय) : (क) दिनांक 1-4-1990 से देश में स्थापित परिशोधन क्षमता 51.85